॥ Jai Sri Gurudev ॥

Sri Adichunchanagiri Shikshana Trust (R.)

# BGS Vijnatham School

**UNIT TEST – II (2025-26)**

**कक्षा : 4**

**विषय : हिंदी**

## अपठित गद्यांश

**अभ्यास पत्रिका-2**

**नाम : ______________**

**कक्षा :______________**

**दिनांक:______________**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए |**

पोंगल तमिलनाडु राज्य का फसल का त्योहार है, जो 13 जनवरी को हर वर्ष मनाया जाता है। हालाँकि मूल त्यौहार 14 जनवरी से ही शुरु होता है, जिसे पेरम पोंगल कहा जाता है। यह चार दिन तक चलता है। पोंगल के शुरु होने के पहले 'कोलम' बनाए जाते हैं- 'कोलम' चावल के आटे से बनी साज-सज्जा होती है जो तमिल परिवारों के दरवाज़े के बाहर फ़र्श पर बनाई जाती है। 'कोलम' के बीच में गोबर का ढेर होता है, जिसमें लौकी की पाँच पंखुड़ियाँ लगाई जाती हैं। इसे सृजन का प्रतीक माना जाता है। इसे सूर्य देवता को प्यार के रूप में अर्पित किया जाता है। लोग अच्छी फसल के लिए ईश्वर, पृथ्वी और अपने पशुओं को धन्यवाद देते हैं तथा अगले साल की अच्छी फसल के लिए प्रार्थना करते हैं। पोंगल त्यौहार का नाम वास्तव में एक मिठाई पर पड़ा है। इसे पोंगल उत्सव के दूसरे दिन बनाया जाता है। पोंगल उत्सव में गीत विशेष महत्व रखते हैं। लोग इकट्ठा होकर गीत गाते हैं।

क) 'कोलम' किससे बनाई जाती है?

i) चावल के आटे से ii) फूलों से iii) रंगों से

ख) पोंगल किस राज्य का त्यौहार है?

ग) पोंगल त्यौहार कब मनाया जाता है?

घ) ‘कोलम’ क्या होता है?

ड) ‘कोलम’ के बीच में क्या होता है और उसका क्या अर्थ है?

च) लोग पोंगल के अवसर पर किसे धन्यवाद देते हैं?

छ) पोंगल त्यौहार का नाम किस पर पड़ा है?

ज) पोंगल उत्सव में गीतों का क्या महत्व है?